हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 12 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.3 डिग्री
न्यूनतम -0.6 डिग्री

12 गरीबों के हक पर डाका डाल रही केंद्र सरकार



12 लोहड़ी पर्व पर कार्यक्रम में महिलाएं सम्मानित



## खबर संक्षेप

### मिड डे मील वर्कर्स ने मांगों को लेकर खोला मोर्चा

**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन ने 12 महीने मानदेय, नियमितीकरण और हटाई गई कुक को दोबारा नियुक्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर 12 जनवरी को पंचकूला स्थित शिक्षा निदेशालय कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसको लेकर करनाल के कर्ण पार्क में जिला प्रधान शिमला देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्करों को मात्र सात हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है, वह भी समय पर नहीं दिया जाता, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों के विलय और बंद होने से वर्करों की समस्याएं और बढ़ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** जमीन खरीद-फरोख्त मामले में फर्जी कागजात तैयार करके तीन लाख रूपये हडपने के आरोप में पुलिस ने आरोपी प्रवीन कुमार को गिरफ्तार। आरोपी को पुलिस ने 2 दिन के रिमांड पर लिया। परिवादी अविनाश धवन ने 11 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 नवंबर 2024 से 03 मार्च 2025 के दौरान आरोपी प्रवीन कुमार व अन्य ने जमीन खरीद-फरोख्त मामले में फर्जी इकरारनामा और कागजात तैयार करके उससे तीन लाख रूपये हडपने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी कमलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। बहबलपुर के इंद्रजीत सिंह ने 18 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव बहबलपुर के मैरिज पैलेस से आरोपी ने एंगल,सरिया व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पुलिस ने वाहन चालकों को बांटे हेलमेट

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सड़क पर बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। अभियान के दौरान प्रबंधक यातायात ग्रामीण तथा उनकी टीम ने वाहन चालकों को समझाते हुए कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं है बल्कि यह जीवन रक्षक कवच है।

## पूर्व सैनिकों ने रखी गांव के विकास से संबंधी मांगें

# कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बोले, हर मांग होगी पूरी

*2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर सरकार कर रही है काम, किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं*

- एक्स सर्विस मैन वेलफेयर सोसायटी ने किया समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बधौली गांव के महाराणा प्रताप भवन में रविवार को एक्स सर्विस मैन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण, पशु पालन एवं डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने गांव के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें रखी।

सोसायटी तथा पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने यहां पहुंचने पर मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत एवं सम्मान किया। राणा ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के अनुरूप ही सभी योजनाएं लागू की जा रही हैं। भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर, दुकानदार और सैनिकों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने पूर्व सैनिकों और ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक लाभ उठाएं। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सैनिकों और पूर्व सैनिकों को सम्मान पूर्वक सम्मान देने का काम किया है। किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके तहत अब फसल का भुगतान सीधे किसान के खाते में पहुंच रहा है। 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' योजना के साथ खाद वितरण को जोडक़र किसानों को सुगमता के साथ खाद उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, सोलर सिस्टम, गोबर गैस प्लांट और ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की, जिससे देश और जनता दोनों को लाभ होगा। राणा ने आश्वासन दिया कि कार्यक्रम में रखी गई सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और भविष्य में आने वाली अन्य मांगों पर भी सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून 2025 को मजबूती के साथ प्रदेश में लागू कर रहे हैं। यह ग्रामीण रोजगार नीति अधिक गारंटी वाले कार्य दिवस, उच्च मजदूरी, पारदर्शी भुगतान और टिकाऊ संपत्तियों के निर्माण को सुनिश्चित करता है। इस नए कानून से पहले की मनरेगा योजना की खामियों को दूर किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के लिए किए जा रहे कार्यों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में भी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। किसान की फसल का भुगतान सीधे बैंक खाते में पहुंच रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है।



**शहजादपुर।** मंत्री श्याम सिंह राणा को पगड़ी पहनाते पूर्व सैनिक व मौजूद लोग।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा, मार्केट कमेटी चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली, मारकंडा मंडल प्रधान धर्मवीर गुर्जर, शहजादपुर मंडल प्रधान विक्रम राणा, साहा मार्केट कमेटी चेयरमैन जसमेर राणा, शहजादपुर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन जगदीप राणा, भाजपा नेता राकेश बिंदल को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान एवं सेवानिवृत्त सूबेदार राजेश राणा, रणदीप सिंह राणा कैप्टन हरपाल सिंह, सेवानिवृत्त सूबेदार राजेंद्र सिंह, सरपंच कुलदीप सिंह, कमांडर मदन मोहन, सुखदेव राणा, हरपाल सिहं, प्रदीप राणा, मेहताब खान, मंगू राम कंजाला,बीएलए टू कुलदीप राणा व गगन राणा, जसपाल सिंह, जयपाल, चकरेस राणा, प्रीतम राणा भी मौजूद रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह की कुर्बानियों का सदैव ऋणी है हिंदू समाज



**नीलोखेड़ी।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन शिव नाथ कपूर। फोटो : हरिभूमि

- बन्नू धर्मसाल गुरुद्वारा साहब किसान बस्ती का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

दशमेश पिता गुरुगोबिंद सिंह जी का अदम्य साहस तथा राष्ट्र धर्म के लिए जो योगदान है उससे विशेषकर हिंदू समाज कभी भूला नहीं सकता।

गुरुगोबिंद सिंह जी के प्रकाशपर्व पर आज बन्नू धर्मसाल गुरूद्वारा साहब किसान बस्ती द्वारा आयोजित भव्य समारोह में स्थानीय विधायक भगवानदास कबीरपंथी तथा मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर ने कहा कि औरंगजेब द्वारा जबरन हिंदुओं के धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए अपने पिता सिख धर्म के नौवें गुरु गुरुतेग बहादुर साहब को कुर्बानी के लिए प्रेरित कर तथा अपने चारों साहिबजादों की शहादत देकर गुरुगोबिंद सिंह जी ने जो मिसाल पैदा कि है वह बेमिसाल है। उन्होंने कहा सिख धर्म आस्था तथा अध्यात्म का ही नहीं अपितु राष्ट्र धर्म के लिए एक अदम्य साहस से परिलक्षित धर्म है।

बन्नू धर्मसाल के सदस्यों की मांग पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने लंगर हाल के निर्माण हेतु 11लाख रुपये अनुदान देने की भी घोषणा की।

### ये रहे मौजूद

गुरुपर्व के अवसर पर जय भगवान सीकरी, कर्म सिंह जांबा, राजपाल नंबरदार, सूरज दुआ, सुरेंद्र भाटिया, सरदार रमेश सिंह, महेश साहनी,अनिल बहल तथा अर्जुन भाटिया,राम नारायण भाटिया,पवन महेंद्रु, हरीश भाटिया तथा दीनेश भाटिया का भी गुरुदारा साहब के सदस्यों द्वारा सरोपा भेंट करके अभिनंदन किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें काफी संख्या लोग शामिल हुए।

# सास की हत्या के मामले में आरोपी महिला और उसका प्रेमी गिरफ्तार

- आरोपियों को अदालत में पेश कर लिया दो दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सास की निर्मम हत्या करने के मामले में पुलिस ने महिला व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर ले लिया है। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

उप पुलिस अधीक्षक रादौर आशीष चौधरी ने बताया कि गांव हरगढ़ में एक बुर्जग महिला की सदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस दौरान मामले की जांच की गई तो प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का पाया गया। जिसके बाद थाना छप्पर में हत्या का मामला दर्ज कर जिम्मा पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन को दिया गया। इस दौरान अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक कपिल कुमार, मुख्य सिपाही कुलदीप, बृजपाल व जगीर सिंह की टीम का गठन कर मामले की जांच शुरु की गई। पुख्ता सबूत मिलने पर मुख्य आरोपी गांव मामली कलां निवासी राजेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजेश ने पूछताछ में बताया कि उसने यह वारदात अपनी प्रेमिका शिवानी के साथ मिलकर की है।



### वाहन चोरी के मामलों में दो आरोपी काबू

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पहले मामले में थाना शहर करनाल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कृष्ण कुमार पुत्र सुरेंद्र निवासी शाहपुर को पश्चिमी यमुना नहर बाईपास क्षेत्र से काबू किया। आरोपी ने सेक्टर-16 स्थित कम्युनिटी सेंटर से मोटरसाइकिल चोरी की थी। दूसरे मामले में पुलिस चौकी सालवन की टीम ने राजू पुत्र फूल सिंह निवासी गांव सालवन को गिरफ्तार किया, जिसने 10 जनवरी को गांव सालवन से मोटरसाइकिल चोरी की थी। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया।

# विकास कार्यों पर मंथन, अधिकारियों को तय समयसीमा का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर करनाल स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ देर रात तक चली लंबी समीक्षा बैठक की।

बैठक में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चल रही तथा प्रस्तावित विकास परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कार्यों को गति देने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में पंचायती राज, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों, मार्केट बोर्ड से जिला परिषद में स्थानांतरित सड़कों तथा सदरपुर पीर बडोली, बल्हेड़ा, कैमला, बीजना, स्टोडी, सहित विभिन्न गांवों में स्वीकृत उप-स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की स्थिति पर चर्चा की गई। सामुदायिक केंद्रों के कार्यों में तेजी लाने और मदनपुर में प्रस्तावित स्कूल निर्माण पर भी अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया।



**करनाल।** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस करनाल में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण।

# नशे की ओवरडोज से हुई थी हर्ष की मौत

- इस्माईलाबाद अस्पताल के बाथरूम में मिली था मृतक का शव

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने पुलिस ने मृतक हर्ष को नशीला पदार्थ उपलब्ध करवाने के आरोपी सतविन्द्र सिंह उर्फ सोनू उर्फ रूपा वासी चम्मू कलां जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। 14 दिसम्बर को राम कुमार वासी कंगवाल जिला अम्बाला ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। वह अपने छोटे लड़के के साथ घर का सामान लेने के लिए इस्माईलाबाद आया था। वह अपने लडके के दोस्त के साथ बाजार में गया और उसका लड़का खड़ी मोड़ पर खड़ा हुआ था। जब वह सामान लेकर जाने लगा तो उसको सूचना मिली कि उसका लड़का इस्माईलाबाद के एक हस्पताल में मृत पड़ा हुआ है। एंटी नारकोटिक्स सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक हर्ष गाड़ी चलाने का काम करता था। जिससे उसकी जान पहचान आरोपी सतविन्द्र सिंह उर्फ सोनू उर्फ रूपा वासी चम्मू कलां जिला कुरुक्षेत्र से हुई थी जो कि नशा बेचने का काम करता था। 14 दिसम्बर को आरोपी से नशा लेने के बाद मृतक हर्ष ने इस्माईलाबाद के अस्पताल में खुद को इंजेक्शन लगाया और ज्यादा मात्रा लेने से उसकी मौत हो गई। आरोपी सतविन्द्र सिंह उर्फ सोनू उर्फ रूपा वासी चम्मू कलां जिला कुरुक्षेत्र पर पहले भी जिले में आधा दर्जन से अधिक एनडीपीएस एक्ट में मामले दर्ज हैं।

## रात भर हीटर चालू रखना खतरनाक : डॉ. शैलेंद्र

**कुरुक्षेत्र।** सर्दियों में जब तापमान गिरता है, तो कई घरों में रूम हीटर एक आम जरूरत बन जाते हैं। ये आराम और गर्मी देते हैं, खासकर ठंडी रातों में। हालांकि, पूरी रात हीटर चलाकर सोना सेहत और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।बंद कमरों में ज्यादा देर तक हीटर का इस्तेमाल करने से चुपचाप शरीर को नुकसान पहुंच सकता है और मौत भी हो सकती है। इसके लिए जरूरी है कि अपनी सेहत से समझौता किए बिना गर्म रहने के लिए इन जोखिमों को जाना जाए। यह जानकारी पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन एवं हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली ने दी। उन्होंने बताया कि रात भर हीटर चालू रखने के सबसे खतरनाक जोखिमों में से एक,खासकर गैस,कोयला या केरोसिन हीटर, कार्बन मोनोऑक्साइड जहर है। कार्बन मोनोऑक्साइड एक रंगहीन, गंधहीन गैस है जो खराब हवादार कमरों में जमा हो सकती है। इसमें सांस लेने से दिमाग और दिल जैसे जरूरी अंगों को आक्सीजन की सप्लाई कम हो जाती है।



शुरूआती लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर आना, मतली, भ्रम और नींद आना शामिल है। सोते समय लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से बेहोशी और गंभीर मामलों में मौत भी हो सकती है। क्योंकि कार्बन मोनोऑक्साइड में कोई गंध नहीं होती, इसलिए लोगों को अकसर खतरा तब तक महसूस नहीं होता, जब तक बहुत देर न हो जाए। सांस लेने में दिक्कत और शरीर में आक्सीजन लेवल में कमी हो जाती है। डॉ.शैली ने बताया कि सोते समय हीटर को बिना देखे चालू छोड़ने से आग लगने की दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, खासकर अगर कंबल, पर्दे या फर्नीचर जैसी ज्वलनशील चीजें पास में हों। खराब वायरिंग, ज्यादा गर्म होना या पोर्टेबल हीटर का गलती से गिर जाना जल्दी ही खतरनाक हो सकता है। जलने का भी खतरा रहता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों या पालतू जानवरों को जो रात में अनजाने में हीटर के बहुत करीब आ सकते हैं। हालांकि हीटर गर्मी देते हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा में आमजन के साथ मनाया पर्व, बोले

# हमारी समृद्ध संस्कृति व परंपराओं का प्रतीक है लोहड़ी

- युवा पीढ़ी का अपनी जड़ों से जुड़े रहना ही सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोहड़ी का पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक हैं। ये त्योहार न केवल हमें खुशियां बांटने का अवसर देते हैं, बल्कि हमें अपनी जड़ों से जुडऩे का भी मौका देते हैं। यह आयोजन समाज में प्रेम-प्यार और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देने में सफल रहेगा क्योंकि लोहड़ी व अन्य सब पर्व मानव मात्र को यही संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को लोहड़ी से यह सीख लेनी चाहिए कि हमारी परंपराएं केवल अतीत की धरोहर नहीं हैं, बल्कि ये हमारे वर्तमान और भविष्य को भी मार्गदर्शन देती हैं। आधुनिकता के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहना हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लाडवा के शिवाला राम कुंडी में आमजन के साथ मिलकर लोहड़ी का पर्व मना रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर लोहड़ी को जलाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद उपाध्यक्षा सुमन सैनी, जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत एक ऐसी भूमि है, जहां विविधता में एकता देखने को मिलती है। लोहड़ी हमारी सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाला एक प्रमुख पर्व है। आज आग के चारों ओर घूमकर तिल, रेवड़ी, गुड़ और मूंगफली अर्पित करना न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश भी देता है। यह हमारी पीढियों को हमारी परंपराओं का महत्व सिखाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का पावन पर्व मनाया जाना आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। आप जानते हैं कि इस दिन दुल्ला भट्टी ने अकबर के काल में अपहरण की गई अनेक लड़कियों को गुलाम बाजार या दास बाजार के लोगों से बचाया था। इसीलिए लोहड़ी पर दुल्ला भट्टी को श्रद्धा से याद किया जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोहड़ी हमारे सामाजिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह त्योहार हमें एक-दूसरे के करीब लाता है और हमारे बीच भाईचारा बढ़ाता है।



**लाडवा।** आमजन के साथ लोहड़ी पर्व मनाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश में खोले कॉलेज

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बहन-बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए प्रदेश में खोले गये 81 कालेजों में से 31 लड़कियों के हैं। आज पोस्ट ग्रेजुएशन तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। इसी तरह 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख 34 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। ड्रोन दीदी योजना में 100 महिलाओं को मुफ्त ड्रोन व प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में महिला सांस्कृतिक केंद्र खोले जा रहे हैं। अब तक 203 केन्द्र खोले गये हैं। इनमें माताएं बहनें भजन, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सकेंगी।*

# 11 माह बाद विवाहिता की मौत, मामला दर्ज

- मायके पक्ष ने पति, जेठ व जेठानी पर लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गांव बसताड़ा में शादी के महज 11 महीने बाद एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष जहां इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मायके पक्ष ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति, जेठ और जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

मृतका के भाई नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के थाना सरसावा अंतर्गत गांव शेखपुरा का रहने वाला है और मृतका निशा उसकी इकलौती छोटी बहन थी। निशा की शादी 15 फरवरी 2025 को करनाल जिले के गांव बसताड़ा निवासी बलवंत के बेटे रामनिवास के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद से ही निशा को दहेज को लेकर तंग किया जाने लगा। रामनिवास मोटरसाइकिल की मांग करता था और इसके लिए निशा के साथ मारपीट करता था। जेठ अशोक और जेठानी मीना भी उसे दहेज को लेकर लगातार ताने देते थे और जान से मारने व घर से निकालने की धमकी देते रहते थे। प्रताड़ना से परेशान होकर करीब चार से पांच महीने पहले निशा मायके आकर रहने लगी थी। मामला कुछ शांत होने पर 9 जनवरी 2026 को निशा को समझाकर मायके से ससुराल भेजा गया। उसके जीजा रामनिवास ने फोन कर बताया कि निशा उनके घर आ गई है।

खबर संक्षेप

खबर संक्षेप

### लालच देकर महिला से ठगे ढाई लाख ठगे

**यमुनानगर।** बैंक में पैसे जमा करवा कर अधिक प्रॉफिट देने का लालच देकर गांव चूहडपुर निवासी नसरीना से ढाई लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप सेक्टर 17 स्थित प्राइड निधि बैंक के संचालकों रहीस खान, सीमा बेगम व समीर उर्फ हाकिम खान पर लगा है। पुलिस को दी शिकायत मेंचूहड़पुर कलां निवासी नसरीना ने बताया कि वह सेक्टर 17 स्थित प्राइड निधि बैंक में वर्ष 2016 में बतौर चपरासी कार्य करती थी। आरोपियों ने झांसा दिया कि बैंक में स्कीम आई हुई है। यदि वह रुपये जमा करेगी तो उसे कई गुणा रुपये मिलेंगे। अगस्त 2025 में आरोपी अचानक से बैंक कर फरार हो गए।

### कहासुनी होने पर युवक को पीट कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव हड़तोल के पास कहासुनी होने पर तीन युवकों ने खेड़ा मंदिर व्यासपुर निवासी मोहित कुमार को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

# यात्रा के दौरान सफर में अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना जरूरीः नीलम

सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने बस स्टैंड परिसर में महिलाओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर ।** बस स्टैंड परिसर में महिलाओं व युवतियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम व अन्य सदस्य।

- जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने जागरुकता अभियान के तहत बस स्टैंड यमुनानगर पर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत बस स्टैंड यमुनानगर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने महिलाओं व युवतियों को सफर के दौरान अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और ट्रि मानिटरिंग के बारे में जागरुक किया गया।

सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक यमुनानगर कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला में महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सेफ सिटी टीम द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज जिला की सेफ सिटी टीम द्वारा बस स्टैंड यमुनानगर में महिलाओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। एएसआई नीलम ने मौके पर मौजूद महिलाओं व युवतियों को 112 आपातकालीन सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मौके पर ही कई महिलाओं व युवतियों के मोबाइल फोन में 112 एप डाउनलोड करवाया और उसके सही उपयोग की प्रक्रिया समझाई।

### ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की जानकारी दी

सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने महिलाओं व युवतियों को समझाया कि 112 एप के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में केवल एक बटन दबाकर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस एप के जरिए कॉल करने पर संबंधित व्यक्ति की लोकेशन स्वतः पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है। जिससे समय पर मदद मिलना संभव हो पाता है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि यात्रा के दौरान विशेषकर अकेले सफर करते समय अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई। एएसआई नीलम ने बताया कि ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा के तहत महिलाएं अपने यात्रा विवरण जैसे वाहन नंबर, चालक का नाम, यात्रा का समय व गंतव्य स्थान पुलिस के साथ सांझा कर सकती हैं। इससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस तुरंत संबंधित स्थान तक पहुंचकर सहायता प्रदान कर सकती है। इस दौरान महिलाओं व युवतियों को छेड़छाड़, पीछा करने, अश्लील टिप्पणियों, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के बारे में भी जागरूक किया गया। एएसआई नीलम ने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी भी अपराध को सहन न करें और बिना किसी झिझक के तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की शिकायतों पर पुलिस द्वारा गोपनीयता बनाए रखते हुए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाती है।



**यमुनानगर ।** कस्बा रादौर में दूध पकोडो का लंगर लगाते स्थानीय लोग।

## सिख धर्म में पोह माह का विशेष महत्व : जरनैल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मल्ली परिवार द्वारा रविवार को रादौर में दूध व ब्रेड पकोड़े के लंगर का आयोजन किया गया। लंगर में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


इस अवसर पर जरनैल मल्ली व हरजिंदर मल्ली ने बताया कि सिख धर्म में पोह माह का विशेष धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। इसी माह में दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन से जुड़ी कई महान व प्रेरणादायक घटनाएँ घटीं। पोह माह की शुक्ल पक्ष सप्तमी को गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया जाता है। जो दिसंबर या जनवरी में आता है। इसके साथ ही इसी पावन माह में गुरु साहिब के चारों साहिबजादों की अद्वितीय शहादतों की स्मृति भी जुड़ी हुई है। 26 दिसंबर 1705 को गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजाद साहिबजादा जोरावर सिंह, साहिबजादा फतेह सिंह ने सरहिंद में धर्म व मानवता की रक्षा के लिए वीरगति पाई। जबकि बड़े साहिबजादे साहिबजादा अजीत सिंह व साहिबजादा जुझार सिंह ने चमकौर की लड़ाई में शहादत दी। इन शहादतों ने सिख इतिहास को बलिदान, साहस व सत्य के अद्वितीय उदाहरण से समृद्ध किया। इस अवसर पर युवा पंजाबी सभा के प्रधान करन चानना, जरनैल मल्ली, हरजिंदर मल्ली, रणजीत मल्ली, विकास कंबोज आदि मौजूद रहे।

गुरु तेग बहादुर के जीवन से लें प्रेरणा

## प्रेरणादायक रहा श्री गुरु तेग बहादुर का जीवनः परमपाल

- गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में श्री गुरु तेग बहादुर जी की विरासत पर ऑनलाइन राज्यस्तरीय व्याख्यान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर ।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित व्याख्यान में अपने विचार रखते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में क्रिटिक सोसायटी श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी की विरासत(विश्वास की परीक्षा, अत्याचार, खालसा के निर्माण को कैसे जरुरी बनाया) विषय पर ज्ञानवर्धक ऑनलाइन राष्ट्रस्तरीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ सरदार परमपाल सिंह ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने की।

मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ सरदार परमपाल सिंह ने ऐतिहासिक घटनाओं और परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। जिनके कारण अंततः खालसा का निर्माण हुआ। उन्होंने विश्वास, साहस और उत्पीड़न के खिलाफ प्रतिरोध में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान की। जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने मुख्य वक्ता का बहुमूल्य ऐतिहासिक दृष्टिकोण सांझा करने और विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के बीच सिख इतिहास की समझ को समृद्ध करने के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस व्याख्यान के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व और खालसा पंथ को आकार देने में इसकी भूमिका को उजागर करना रहा। डॉ. भल्ला ने कहा कि ऐसे सार्थक शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए क्रिटिक सोसाइटी के प्रयासों की भी सराहना की।

### पैसे दोगुना करने का झांसा देकर व्यक्ति से हड़पे ढाई लाख रुपये

**यमुनानग।** बायोगैस प्लांट दिखाकर पैसे दोगुना करने का झांसा देकर कुलदीप नगर यमुनानगर निवासी वीरेंद्र कुमार से ढाई लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप राजेश लाठर व मोहम्मद शाहनवाज पर लगा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप नगर यमुनानगर निवासी वीरेंद्र कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि मई 2025 में उसकी मुलाकात राजेश लाठर व मोहम्मद शाहनवाज के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह बायोगैस प्लांट का काम करते हैं। बायोगैस प्लांट लगाकर पैसे दोगुना किये जा सकते हैं। आरोपियों ने बायोगैस प्लांट लगाने के नाम पर उससे ढाई लाख रुपये ले लिए। इसके बाद जब उसे मुनाफे की राशि नहीं दी ।

## पढ़ाई के लिए मीलों दूर पैदल चलकर जाते थे शास्त्री जी

- वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने पूर्व प्रधामंत्री को दीश्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

वेलफेयर एसोसिएशन रादौर के तत्वावधान में रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में उनके साथ उपस्थित सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया।

प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म महात्मा गांधी जी के जन्मदिन के दिन ही हुआ था। 2 अक्टूबर 1904 में उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे शास्त्री को बचपन में सब नन्हे कहकर पुकारते थे। डेढ़ साल के नन्हे के पिता के निधन के बाद उन्हें चाचा के साथ रहने के लिए भेज दिया गया। वह पढ़ाई के लिए मीलों दूर चलकर जाया करते थे। लेकिन देश की आजादी के लिए लड़ने का फैसला लेने वाले शास्त्री ने 16 साल की उम्र में पढ़ाई छोड़ दी थी। 17 साल की उम्र में जेल भी गए। लेकिन नाबालिग होने के कारण आजाद हो गए। जब देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निधन हुआ।

### छोड़ दी थी पढ़ाई

तो उनके बाद आजाद भारत की सत्ता कौन संभालेगा, इस सवाल को देश के हर शख्स ने महसूस किया होगा। लेकिन दो सप्ताह बाद भारत का अगला या दूसरा प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को बनाया गया। लाल बहादुर शास्त्री को उन दिनों लोग भारत के पूर्व गृह मंत्री के तौर पर जानते थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता की लड़ाई में हिस्सा लिया था। आजाद भारत के सपने को पूरा करने के लिए पढ़ाई छोड़ स्वतंत्रता संग्राम के रास्ते में चल पड़े और पहली बार 17 साल की उम्र में जेल गए। उनकी सादगी के कई किस्से हैं। लाल बहादुर शास्त्री की आज पुण्यतिथि है। 11 जनवरी 1966 में उनका निधन हो गया था।

## विदेश भेजने के नाम पर तीन युवकों से हड़पे 12 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर जिले में अलग-अलग तीन स्थानों पर तीन युवकों से 12 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव दामला निवासी मनीष कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। अप्रैल 2024 में उसकी मुलाकात सुरजीत सिंह व राज चौहान के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को रोजगार के लिए विदेश भेजते हैं। उन्होंने काफी युवाओं को विदेश भेज कर नौकरी दिलवाई है। वह उसे भी विदेश भेज देंगे।

इस दौरान आरोपियों ने अप्रैल 2024 से नवंबर 2025 के बीच अलग-अलग करके सात लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं ।

### तीनों आरोपियों के खिलाफ केस

वही, गांव टिब्बी अराइया निवासी शिवकुमार ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि हर्ष, सागर व पुनीत कुमार ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर चार लाख 88 हजार रुपए ले लिए। आरोपियों ने यह पैसे जुलाई 2025 से नवंबर 2025 के बीच लिए। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, दो दोस्तों की मौत

**यमुनानगर ।** गांव मजाफत खुर्द के पास देर शाम ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव मजाफत कला निवासी धर्मपाल ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सतपाल अपने दोस्त अनुज के साथ बाइक पर 10 जनवरी को शाम छह बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव मजाफत खुर्द के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 : निगम की टीम ने लोगों के साथ बैठककर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर ।** सेक्टर 17 के पार्क में आयोजित बैठक में नागरिकों को जागरूक करती निगम की टीम।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि वार्ड 07 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने की दिशा में निगम द्वारा कदम उठाए जा रहे है।

बैठक में पार्क के आसपास रहने वाली महिलाओं, वार्ड पार्षद प्रियंक शर्मा, आरडब्लू, रेजिडेंस वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र राणा तथा आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने नागरिकों को उनके घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग.अलग करके नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ी में देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गीले कचरे से घर पर खाद कम्पोस्ट, बनाने की प्रक्रिया समझाई गई। ताकि जीरो वेस्ट वार्ड के उद्देश्य को सफल बनाया जा सके।

आईईसी टीम द्वारा नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा स्वच्छता नियमों का नियमित रूप से पालन करने की अपील की गई। उपस्थित सभी नागरिकों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**कार्यक्रम** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने व्यासपुर के शिव चौक के नजदीक स्थित आश्रम करवाया संकीर्तन

# आलोचना सुनते ही बदलाव नहीं बदले की भावना जन्म लेती है : भारती

- साध्वी रबिया भारती ने साध संगत को जीवन में किसी की आलोचना नहीं करने का दिलाया संकल्प ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





**यमुनानगर ।** व्यासपुर में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी भारती व श्रवण करतें श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को व्यासपुर के शिव चौक के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी रबिया भारती ने साध संगत को किसी की आलोचना नहीं करने का संकल्प दिलाया।

साध्वी रबिया भारती ने फरमाया कि हमें जीवन में किसी की आलोचना नहीं करनी चाहिए। उन्होंने समझाया कि क्या किसी की व्यक्तिगत आलोचना करने से मन शांत हो जाता है। उन्होंने कहा कि जरा सोचो कि जब कभी आपके बच्चे के नंबर स्कूल की परीक्षा में कम आएं तो क्या आपके डांट और आलोचना उसके अंक बढ़ा पाएगी। जब कभी भोजन स्वाद के अनुसार नहीं मिला है तो क्या उस भोजन की आलोचना करने से आपके मुंह का स्वाद ठीक हो जाएगा। इन सभी प्रश्नों का उत्तर है नहीं। इसका अर्थ हुआ कि आलोचना करके आप जो घटित हो चुका है। उस परिस्थिति में कोई सुधार नहीं ला सकते हैं। तो क्या भविष्य में ला सकते हैं। भारती ने फरमाया कि आलोचना सामने वाले के गर्व को, अहं को, महत्ता को, अस्तित्व को ठेस पहुंचाती है। इसलिए आलोचना सुनते ही बदलाव नहीं बदले की भावना जन्म लेती है । आलोचना सुधारती नहीं है बल्कि मनोबल को तार तार कर देती है। इतिहास के पन्नों में दर्ज महारथी कर्ण का जीवन आलोचना के इन्हीं घातक परिणामों को उजागर करता है। किसी भी राज्य या राष्ट्र का राजा न होने के कारण कर्ण की आलोचना की गई थी। इसी आलोचना ने उसके भीतर घृणा और बदले की भावना को जन्म दिया। उसके भीतर सही और गलत के बीच अंतर करने की विवेक शक्ति को निश्चेत कर दिया।

### एक दूसरे पर दोष मढ़ने से बचें

इसलिए किसी भी समय या परिस्थिति में आलोचना या दोषारोपण करने से कोई लाभ नहीं होता है। उल्टा जो आलोचक है वह अपने लिए दूसरों के मन में केवल घृणा उत्पन्न करता है। अपने पारस्परिक संबंधों को क्षति पहुँचाता है। इसलिए जीवन और रिश्तों को प्रेम और सौहार्द से सजाने का एक ही मार्ग है कि जितना हो सके एक दूसरे पर दोष मढ़ने से बचें। सामने वाले को समझें ,उसे समझाएं और सकारात्मक रूप से प्रेरित करें। इसलिए हमेशा एक दूसरे का साथ देते हुए जीवन में आगे बढ़े। इसी में ही जीवन की सच्ची सफलता निहित हैं। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।



**यमुनानगर ।** जगाधरी शिव मंदिर में जलाभिषेक व पूजा अर्चना करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व अन्य भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## आस्था और गौरव का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर स्वाभिमान पर्वः पूर्व कैबिनेट मंत्री

**यमुनानगर ।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सोमनाथ मंदिर स्वाभिमान पर्व आस्था और गौरव का पुनरुत्थान का उद्धघोष है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के पावन अवसर पर शिवपुरी सोसायटी जगाधरी स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर सामूहिक ओंकार मंत्र का जाप करने के दौरान कहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि सोमनाथ का मंदिर केवल एक देवालय होने के साथ साथ भारतीय स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक है। भारत की अक्षुण आस्था, अटूट विश्वासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घघोष है। सोमनाथ मंदिर हमें स्मरण कराता है कि आततायियों के हर प्रहार पर हमारी सनातन चेतना की विजय हुई है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के पावन अवसर पर उन्होंने आमजन व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शिवपुरी सोसायटी जगाधरी स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर सामूहिक ओंकार मंत्र का जाप किया। मौके पर भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि हमारी आस्था और सभ्यता के इस महान प्रतीक पर हुए उस बर्बर आक्रमण के एक हजार वर्ष पूर्ण हो रहे हैं।

**खबर संक्षेप**



## शुक्ला सप्तमी मेला 25 जनवरी को

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से तीर्थों की संगमस्थली एवं धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के गांव कमौदा में स्थित श्री काम्यकेश्वर महादेव मंदिर एवं तीर्थ पर रविवारीय शुक्ला सप्तमी मेला 25 जनवरी को लगेगा। रविवारीय शुक्ला सप्तमी मेले के लिए श्री जयराम विद्यापीठ के सेवकों द्वारा दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि श्री काम्यकेश्वर तीर्थ पर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में भव्य मेले का आयोजन होगा।

## मां काली कमली मंदिर में लगाया मासिक भंडारा



**थानेसर।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पुण्य भूमि पर स्थित माँ काली कमली मंदिर में 11 जनवरी 2026 को माँ के मासिक भंडारे का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन की शुरूआत सर्वप्रथम भद्रकाली माँ के चरणों में शीश नवाकर की गई, जिसके उपरांत विधिविधान से माँ काली को भोग अर्पित कर भंडारे का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को : भारद्वाज

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मार्च 2026 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है।



## राज्य पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित : डीसी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, श्रेष्ठ ग्राम पंचायतों, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संस्थाओं (एनजीओ) तथा अन्य श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इन पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सरकार द्वारा पोर्टल 12 जनवरी 2026 तक खोला गया है। पात्र व्यक्ति एवं संस्थाएं निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

### सरस्वती तीर्थ पर चलाया सफाई अभियान

# अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आगाज 19 से, तैयारियों जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा के पावन सरस्वती तीर्थ पर 19 जनवरी 2026 से शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरे जोश के साथ की जा रही है। इतना ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 को पिहोवा के नागरिकों के साथ-साथ तमाम सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से भव्य और सफल बनाया जाएगा। इस महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सरस्वती तीर्थ पर विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया गया है। अहम पहलू यह है कि इस अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 का आयोजन प्रशासन व हरियाणा सरस्वती हैरिटेज बोर्ड के तत्वाधान में 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। एसडीएम अनिल कुमार दून रविवार को पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर 19 जनवरी 2026 से शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले एसडीएम अनिल कुमार दून ने सरस्वती तीर्थ पर चल रहे सफाई अभियान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर सरस्वती तीर्थ की सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा की सरस्वती तीर्थ एक प्राचीन तीर्थ है जिसकी मान्यता कई पर प्रदेशो में विद्यमान है यहां पर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीर्थ स्थल आस्था का केंद्र है जो अपने आप में बहुत बड़ी महत्वता रखता है।



पिहोवा। सरस्वती तीर्थ पर सफाई करते कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### सफल आयोजन में सभी का सहयोग जरूरी

सरस्वती तीर्थ स्थल की सरस्वती महोत्सव के उपलक्ष में नगर पालिका पिहोवा व सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के सहयोग से साफ सफाई का विशेष कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ स्थल व शहरी क्षेत्र में किसी प्रकार की साफ सफाई के कार्य कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। वाटर क्रेन टेंक पाइपलाइन से सरस्वती का पानी निकाल कर धरातल तक साफ सफाई का कार्य नगर पालिका सचिव अशोक कुमार की देखरेख में निरंतर करवाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 का सफल आयोजन में सभी का सहयोग अति आवश्यक है सरस्वती महोत्सव का सरस्वती तीर्थ पिहोवा में 19 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक किया जा रहा है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस नेताओं ने रखा उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत थानेसर शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय उपवास रखते हुए प्रतीकात्मक धरना दिया। कार्यक्रम से पूर्व कांग्रेस नेताओं ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी। धरने पर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहबाद विधायक रामकरण, पिहोवा विधायक मंदीप चट्ठा व पूर्व सांसद कैलाशो सैनी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के किसानों और मजदूरों के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण साधन है। मनरेगा का नाम बदलने के साथ-साथ इसमें मजदूरों को मिलने वाली गारंटी को खत्म कर दिया गया है।



कुरुक्षेत्र। महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता।

### अधिकारों के हनन का लगाया आरोप

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक अशोक अरोड़ा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा को बंद करके गरीबों के मूलभूत अधिकारों का हनन करने का प्रयास कर रही है। यह महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर की आत्मा पर चोट पहुँचाने जैसा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारों से इस मुद्दे पर पूरी ताकत और निष्ठा के साथ लड़ने के लिए एकजुट हैं। कांग्रेस पार्टी ने काम के अधिकार की रक्षा के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है।इस मौके पर ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, सुनीता नेहरा, सुभाष पाली, जिप सदस्य सुरेश वाल्मिकी, बिमला सरोहा, टेकचंद बारना, नरेश मित्तल, लक्ष्मीकांत शर्मा, सुरेंद्र फौजी, विवेक भारद्वाज व अन्य नेता मौजूद रहे।

## उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों को किया सम्मानित



**शाहबाद।** माता शकुंभरी देवी मंदिर में वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति शाहबाद द्वारा नव वर्ष, लोहड़ी व मकर सक्रांति के पावन अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ समाज सेवी शाम लाल पोपली को विशेष रूप से सनातन धर्म महाबीर मन्दिर सभा के सचिव मदन गंभीर, देविंद्र गंभीर एवं समिति की कार्यकारणी द्वारा सम्मानित किया गया। उनके निस्वार्थ सामाजिक कार्यों की सभी उपस्थित जनों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम की शरुआत मोहिंदर छाबड़ा द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों से हुई, जिस से वातावरण आध्यात्मिकता से भर गया। इस के पश्चात प्रीतम सिंह द्वारा प्रस्तुत लोहड़ी गीतों ने सभी को पर्व की खुशियों से जोड़ दिया।

# लोहड़ी आपसी भाईचारे, प्रेम और खुशहाली के प्रतीक का पर्व : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

■ रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा ने मनाया लोहड़ी पर्व

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा लोहड़ी का पावन पर्व निजी होटल शाहाबाद मारकंडा में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और पारिवारिक वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी पारिवारिक उपस्थिति के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के सचिव विक्रम गुप्ता द्वारा की गई। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों एवं उनके परिवारजनों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा सभी को लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लोहड़ी आपसी भाईचारे, प्रेम और खुशहाली का प्रतीक पर्व है, जिसे मिल-जुलकर मनाने से सामाजिक समरसता को बल मिलता है।



शाहबाद। लोहड़ी पर्व मनाते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

### सांस्कृतिक गतिविधियां करवाई

कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित गुप्ता के नेतृत्व में विभिन्न मनोरंजक खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगीत और नृत्य के साथ सभी ने लोहड़ी पर्व को पारंपरिक अंदाज में उल्लासपूर्वक मनाया।

# फलदायी कार्य के लिए आत्म स्वीकृति जरूरी : मनावत

■ पारिवारिक संस्कार बोध विषयक विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में पारिवारिक संस्कार बोध विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध कथावाचक, मानस मर्मज्ञ एवं ओजस्वी वक्ता पंडित श्याम स्वरूप मनावत रहे। उनके साथ मंचासीन पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी से महंत बंसीपुरी जी महाराज, बड़ा उदासीन अखाड़ा कुरुक्षेत्र से महंत महेश मुनि जी महाराज, विद्या भारती हरियाणा से प्रांत संरक्षक सत्यनारायण गुप्ता एवं विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र वालिया रहे। मंच संचालन बलबीर ने किया जबकि अतिथि परिचय, स्वागत एवं गोष्ठी की प्रस्तावना विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के प्रबंधक सुधीर कुमार ने रखी। गोष्ठी में आए हुए अतिथियों को फूलमालाओं, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पंडित श्याम स्वरूप मनावत ने कहा कि कोई भी कार्य तभी फलदायी, परिणामकारी और प्रसन्नतादायक होता है जब उसमें आपकी आत्म स्वीकृति होती है। जब तक आवश्यकता और आग्रह के लिए काम किया जाता है तब तक हम सेवक होते हैं और जब किसी काम को आत्म स्वीकृति से करते हैं तो स्वयंसेवक हो जाते हैं।



कुरुक्षेत्र। पारिवारिक संस्कार बोध विषयक विचार गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता पंडित श्याम स्वरूप मनावत। फोटो : हरिभूमि

### हम वैदिक सनातन परंपराओं से भटक रहे

इस अवसर पर महंत बंसीपुरी महाराज ने कहा कि आज हम अपनी वैदिक सनातन परंपराओं से भटकते जा रहे हैं। अगर हम आप एक सूत्र में बंधना चाहते हैं तो हमें अपने परंपराओं का अनुसरण करना ही होगा। इस अवसर पर कृष्ण भंडारी, ऋषिराज वशिष्ठ, चेतराम, सोमदत्त, यशपाल वधवा, राजकुमारी, राजेश गोयल, ऋषिपाल मथाना, राज विज, नारायण सिंह, संत कुमार, जटाशंकर, भूदेव, श्याम लाल सहित नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बिना दहेज की शादी बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के सीटीएम आशीष कुमार ने बिना दहेज के शादी कर समाज में एक मिसाल कायम की है। सीटीएम आशीष पटानिया ने रविवार को रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबाला के कस्बा साहा ही बीडीपीओ के साथ सात फेरे लिए और समाज को संदेश दिया। दोनों के गले में रविदास जी के पटके पहना कर स्वागत किया गया। दुल्हा-दुल्हन ने गुरु रविदास जी को नमन किया। समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी। साधारण तरीके से की शादी की सभी सराहना कर रहे हैं। सीटीएम आशीष कुमार ने कहा कि सभी की अपनी ख्वाहिश होती है, मगर वे साधारण शादी करना चाहते थे। उन्हें अपने परिजनों व ससुराल पक्ष के लोगों का साथ मिला। दोनों परिवार एक साथ आए। उनका पैसा बचाना कोई संदेश नहीं था, इससे समाज को एक संदेश जाए। पैसे को सही जगह पर इस्तेमाल करें।



कुरुक्षेत्र। सीटीएम आशीष कुमार व बीडीपीओ फैनी। फोटो : हरिभूमि

### समाज को दिया संदेश

पैसे को समाजसेवा के कार्यों में लगाया जाए। सीटीएम आशीष की धर्मपत्नी फैनी ने कहा कि वे दहेज के बिना शादी होने से बहुत खुश हैं। समाज में शादी बिना दहेज के भी हो सकती है। शादी को उत्साह से मनाए और समाज में एक संदेश दें। परिजनों का कहना है कि शादी में देखा देखी लोग काफी पैसा खर्च करते हैं, मगर साधारण तरीके से शादी की जा सकती है। वे अपने बच्चों के फैसले से काफी खुश हैं। परिजन रणजीत सिंह ने कहा कि दोनों बच्चों ने समाज को एक बेहतर संदेश दिया है।

*संस्कार केंद्रों के वार्षिक उत्सव का किया आयोजन*

# विद्यार्थियों ने दी गतका एवं सूर्य नमस्कार की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा एवं ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अमीन मार्ग, कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र संकुल के तीन विद्यालय गीता कन्या, गीता निकेतन आवासीय तथा गीता निकेतन मोहन नगर के द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों के वार्षिक उत्सव का आयोजन हिन्दू सेवक संघ द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी विनय गुप्ता, अग्रवाल समाज के प्रधान अशोक गर्ग, विशिष्ट अतिथि ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के मंत्री चेतराम शर्मा तथा मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सेवा शिक्षा के सह संयोजक सुभाष शर्मा रहे। कार्यक्रम के संयोजक विनोद गर्ग रहे। कार्यक्रम का शुभ आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### विभिन्न गतिविधियों में संस्कृति की झलक जरूरी

अतिथिगण का परिचय गीता कन्या की प्राचार्या सुमन बाला द्वारा करवाया गया। तीनों संस्कार केंद्रों के बालकों के द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र गतका एवं सूर्य नमस्कार रहा। नन्हें नन्हें बच्चों ने पूर्ण उत्साह से प्रतिभागिता की। अग्रवाल समाज प्रांत महासचिव राजेश सिंगला ने विद्या भारती विद्यालयों द्वारा किए जाने वाले कार्य सेवा क्षेत्र शिक्षा की भूरि भूरि प्रशंसा की। चेतराम शर्मा ने शुभ आशीष देते हुए कहा कि विभिन्न गतिविधियों में हमारी संस्कृति की झलक आवश्यक हैं। गतका की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक प्रकार का शारीरिक व्यायाम तथा एकाग्रता की साधना है। हिन्दू सेवक संघ के प्रधान बलदेव डाबरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मनप्रीत कौर, सुखविंदर कौर, गुरमीत कौर, मोहित मेहता, अजय सिंगला, गौरव, सपना, अनुराधा तथा अभिभावक गण उपस्थित रहें।





कुरुक्षेत्र। साइक्लोथॉन में हिस्सा लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

## यवाओं ने साइक्लोथॉन में साइकिल चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन में युवाओं ने भाग लिया। इस साइक्लोथॉन को सेवानिवृत डीएसओ यशवीर सिंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों ने करीब दो किलोमीटर साइकिल चलाई। सेवानिवृत डीएसओ यशवीर सिंह ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत के क्षेत्रीय निदेशक डा. शिवम शर्मा के आदेशानुसार व सहायक निदेशक बाबू राम रावल के मार्गदर्शन में युवाओं को शामिल कर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया है। इस साइक्लोथॉन का आयोजन करते हुए एक साल पूरा हो चुका है। इस लक्ष्य है कि लोगों को फिट रहने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि साई की तरफ से निकाली जा रहीं साइक्लोथॉन में हर वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि इस साइक्लोथॉन में युवाओं ने लोगों को संदेश दिया कि साइकिल चलाकर न सिर्फ हम खुद को बल्कि पर्यावरण को भी स्वस्थ रख सकते हैं। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा नरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त हाकी चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, हाकी कोच नरेंद्र ठाकुर, हाकी कोच सोहन लाल, समाजसेवी विनोद गर्ग, वीरभान सिंह, नरेश सैनी आदि मौजूद थे।



पिहोवा। कार्यक्रम में मौजूद अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

## खंड पिहोवा में हुआ एफएलएन पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण, 204 शिक्षकों ने लिया भाग

**पिहोवा।** ब्लॉक पिहोवा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय फौजी ग्रुप, पिहोवा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) विषय पर एक ऐतिहासिक, सुव्यवस्थित एवं अत्यंत सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 204 शिक्षकों ने सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की पढ़ने-लिखने की क्षमता तथा गणितीय समझ को सुदृढ़ करना रहा। यह प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी पिहोवा रामराज कौशिक के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रमुख स्रोत व्यक्तियों के रूप में सुरजीत, डॉ अर्चना, ज्योति, कुसुम, ने शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण, नवाचारी पद्धतियों, शिक्षण सहायक सामग्री के प्रभावी उपयोग तथा भाषा एवं गणितीय कौशल विकसित करने की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सहायक खंड संसाधन समन्वयकों दिनेश मेहला, सुमन सैनी, जसवीर, प्रियंका, पूजा व निक्को का भी सराहनीय योगदान रहा।

**स्वास्थ्य** | गांव कैन्थला खुर्द में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर

*लोगों में स्वास्थ्य के प्रति समझ और सजगता विकसित करना मुख्य उद्देश्य*

# संतुलित आहार व नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं नागरिक : हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए कुरुक्षेत्र स्थित डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव कैन्थला खुर्द में निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का सैनी धर्मशाला में आयोजित किया गया, हॉस्पिटल के डॉ. हिमांशु जैन ने कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में अनियमित दिनचर्या, मानसिक दबाव और शारीरिक निष्क्रियता मस्तिष्क व तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों को तेजी से बढ़ावा दे रही है। यदि व्यक्ति समय रहते संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक शांति को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले, तो कई गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से बचाव संभव है। स्वास्थ्य केवल बीमारी न होने का नाम नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन का परिणाम है, जिसे बनाए रखना व्यक्ति की जिम्मेदारी है।



कुरुक्षेत्र। कैंप में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### 106 रोगियों को जांचा

डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2065 वॉं निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 106 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। शिविर के सूत्रधार डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि उनकी सोच केवल बीमारी के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति समझ और सजगता विकसित करना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि लगातार ऐसे शिविरों के माध्यम से वे ग्रामीण क्षेत्रों में भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा की एक मजबूत कड़ी स्थापित कर रहे हैं,।

### ऐसे आयोजन ग्रामीणों के लिए वरदान : बलदेव

इस अवसर पर सरपंच बलदेव सैनी समाजसेवी ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ संजय शर्मा बी.ए.एम.एस. एवं एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस का अभिनन्दन व स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। ऐसे शिविर न केवल आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराते हैं, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि गांव कैन्थला खुर्द के लिए यह गर्व की बात है कि विशेषज्ञ चिकित्सक स्वयं गांव तक पहुंचकर सेवा भाव से स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बनाने में प्रीतपाल सेक्टर तीन, मोनिका कोऑर्डिनेटर,अंजू, प्रवीण, संदीप शर्मा, कुलदीप, दर्शन सिंह पंच, सतनाम सिंह फौजी, जागर सिंह इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### भारत को केवल विकसित नहीं महान बनाना है

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सभागार में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित प्रमुख नागरिकों की एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में कुरुक्षेत्र जिले के प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुख लोग आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तर भारत प्रचारक जतिन कुमार ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा के संदर्भ में संक्षिप्त जानकारी दी।

### सामाजिक कार्यों के लिए डा. रणधीर सम्मानित

**जींद।** पेयजल संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, पौधरोपण,समर्पित एवं प्रेरणादायक उल्लेखनीय कार्य के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना को आयोजित एक कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने प्रशंसा प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया।

### रोजगार देने के लिए ठोस नीति बनाए सरकार

**जींद।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि युवा फ्लॉप हैं, उन्हें पढ़ाई नहीं करनी चाहिए और वे नौकरी के योग्य नही हैं। आयोग चेयरमैन यह बयान न केवल लाखों बेरोजगार युवाओं का अपमान है बल्कि सरकार की शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रक्रिया और रोजगार नीति पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

### मकान का ताला तोड़ सोलर पैनल चुराया

**जींद।** सफीदों में बीती रात चोरों ने एक निजी कार्यालय तथा मकान का ताला तोड़ कर सोलर पैनल तथा घरेलू सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग

**जींद।** स्थानीय अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया। राज्य कमेटी की तरफ से छज्जूराम नैन व आजाद पांचाल ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस लिया जाए।

### सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई

**जींद।** हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सफीदों ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन की तैयारी के लिए नागक्षेत्र सफीदों में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सत्यवान आफताबगढ़ ने की। बैठक में मुख्य रूप से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के कई मुद्दों परम मंथन किया गया। इनमें हाईकोर्ट के फैसले को तुरंत लागू करवाने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की गई।

---

अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने निगम ऑफिस के बाहर किया उपवास

# मनरेगा योजना को कमजोर कर गरीबों के हक पर डाका डाल रही केंद्र सरकार

**विधायक ने केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों पर तीखा प्रहार किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जगाधरी गेट नगर निगम गेट के पास एक दिवसीय उपवास रखकर प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने की नीतियों के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना एवं मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहरी एवं ग्रामीण पवन अग्रवाल और दुष्यंत राणा ने की। विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों पर तीखा, किंतु विवेकपूर्ण प्रहार किया। अपने संबोधन और मीडिया से संवाद में उन्होंने कहा कि आज देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने पर योजनाबद्ध तरीके से चोट की जा रही है, और इसके दुष्परिणाम सबसे पहले गरीब, मजदूर, महिलाएँ और युवा झेल रहे हैं। उन्होंने चुनावी मौसम आते ही संवैधानिक संस्थाओं और जांच एजेंसियों की अचानक सक्रियता यह सिद्ध करती है कि सत्ता का इस्तेमाल जनहित के लिए नहीं, बल्कि असहमति को दबाने के लिए हो रहा है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है। नागरिक स्वतंत्रताओं को कमजोर करती है। उन्होंने कहा कि जिस देश ने स्वतंत्रता, समानता और सामाजिक न्याय के आदर्शों पर अपनी नींव रखी, वहीं आज भय और दबाव का वातावरण गढ़ा जा रहा है।



अंबाला। उपवास के दौरान पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक निर्मल सिंह।


**ये रहे मौजूद**

मौके पर रोहित शर्मा विशु,नीरज ब्लॉक समिति चेयरमैन, कुलदीप सिंह गुल्लू सेवादल जिला प्रधान, बलजीत सिंह रंगा,संदीप नखरौली,नरेश विषयर,लक्ष्मी देवी,तरुण चुघ, हरजीत सिंह बब्बल,नवीन गुप्ता,देविंद्र मान,रिंपी मान, बलबीर सिंह,कमल बाछल, अशोक सोनी,परविंदर कटारिया, विजेंद्र सिंह टोनी गुज्जर, इकबाल सिंह,मोंटी सैनी,सचिन, माम चंद,किरण राणा,दविंदर बजाज,रविंदर प्रजापति,गौरव कुकरेजा, विक्रमजीत आदि रहे।

### मनरेगा, महिलाओं, युवाओं और अधिकारों पर सरकार की विफलता उजागर

मनरेगा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना केवल एक रोजगार कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की गरिमा का संवैधानिक प्रतीक है। इसे कमजोर करना गरीबों से उनका अधिकार छीनने जैसा है। पंचायतों के अधिकारों को सीमित कर, भुगतान में देरी और हिस्सेदारी का बोझ राज्यों पर डालकर इस योजना की आत्मा को क्षीण किया जा रहा है। इससे गांवों में रोजगार के अवसर सिमट रहे हैं और पलायन बढ़ रहा है, जो सामाजिक असंतुलन को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संदर्भ में उन्होंने कहा कि एक ओर महिला-सम्मान के नारे गूंज रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी बहनों का मानदेय महीनों से बकाया है। जो महिलाएं मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा की आधारशिला हैं, वही आर्थिक असुरक्षा से जूझ रही हैं। यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनहीनता है। सिंह ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं और चयन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता का क्षरण हो चुका है। अंकों और कट-ऑफ की दीवारें योग्य अभ्यर्थियों के सामने दीवार बन गई हैं। इससे एक पूरा वर्ग अवसरों से वंचित हो रहा है और निराशा की खाई गहरी होती जा रही है। विधायक शैली चौधरी ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा की गारंटी है। भाजपा सरकार की नीतियों से ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ रही है। मजदूर पलायन को मजबूर हैं। कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष कर रही है। यह आंदोलन आगे और तेज किया जाएगा।प्रदेश की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और असुरक्षा ने आम नागरिक के जीवन को असहज बना दिया है। बहन-बेटियों की सुरक्षा, किसानों को मुआवजा, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाएं—सब कुछ कागज़ी घोषणाओं में सिमट गया है। यह शासन की विफलता का दर्पण है। जिला अध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं ग्रामीण दुष्यंत राणा ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है, लेकिन भाजपा सरकार लगातार बजट कटौती, भुगतान में देरी और काम के अवसर सीमित कर इस योजना को समाप्त करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करती रहेगी और किसी भी कीमत पर मजदूरों के अधिकारों से समझौता नहीं होने देगी। पूर्व विधायक जसबीर मलौर, अशोक मेहता पूर्व सूचना आयुक्त एवं रोहित जैन सदस्य सचिव सचिव अनुशासन कमेटी व वीरेंद्र सिंह सोमा ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, ऐसे समय में मनरेगा जैसी योजना को कमजोर करना अमानवीय है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ खड़ी है और मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान को जन-जन तक ले जाया जाएगा।

---



बराड़ा। गली के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर किया शुभारंभ।

## वार्ड नंबर 5 की मुख्य गली का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने वार्ड नंबर 5 स्थित मुख्य गली के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद के पति व समाजसेवी दीपक राणा तथा पूर्व सदस्य संदीप अरोड़ा 'मोंटी' विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्माण कार्य की शुरुआत नारियल फोड़कर की गई। लंबे समय से गली की हालत जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गली के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मलिक ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। शुभारंभ अवसर पर वार्डवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

**मिलेगी राहत**

क्षेत्र के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि गली के निर्माण से जल निकासी की समस्या के साथ-साथ आवागमन भी सुगम होगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

## एसआईआर का 63 फीसदी कार्य पूरा

**अंबाला।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का 63 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसमें मतदाताओं के 2002 व 12 सितंबर 2024 को प्रकाशित मतदाता सूचियों की मैपिंग का कार्य चल रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 219 बूथों के तहत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 243 व महिला मतदाताओं की संख्या 90 हजार 702, थर्ड जेंडर की संख्या 9 है। कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 954 मतदाता है। इसी अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र में 214 बूथों के तहत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 608 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 98 हजार 652 व थर्ड जेंडर 11 हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 6 हजार 271 मतदाता हैं। इसी प्रकार अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में 271 बूथों के तहत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 36 हजार 600 व महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 25 हजार 579, थर्ड जेंडर की संख्या 20 है। कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 62 हजार 199 मतदाता हैं। इसी प्रकार मुलाना (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र में 264 बूथों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 18 हजार 929 व महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 05 हजार 186, थर्ड जेंडर की संख्या 3 है।

---

## हृदय परिवर्तन के लिए गुरु का सानिध्य जरूरी

**समाज व मानव मन के संबंध पर प्रकाश डाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें आशुतोष महाराज की परम-शिष्य साध्वी रेनू भारती ने उपस्थित संगत को बताया कि समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती है।

जब किसी वृक्ष के फलों को कीड़ा लग जाए तो उसकी जड़ों को खाद्य पानी और दवाई से सींचा जाता है ताकि फिर से वह वृक्ष स्वस्थ हो जाए। इसी प्रकार स्वार्थ परायणता, भ्रष्टाचार, अशुद्ध आचरण, समाज रूपी वृक्ष के रोग है जिन्हें समाप्त करने के लिए इसकी जड़ पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी बिना गुरु के दिशा निर्देश के सिद्ध नहीं कर सकते तो क्या हम बिना गुरु के अपने कर्म संस्कार और अपनी बिगड़ रही आदतों को अपने पुरुषार्थ से सुधार सकते हैं। समाज रूपी इस वृक्ष को अगर हम फिर से स्वस्थ करना चाहते हैं तो इसके मूल मानवीय हृदय का ब्रह्मज्ञान रूपी अमृत से सिंचन करना होगा तभी समाज का वृक्ष आनंद की छाया देने वाला और धर्म,अर्थ,काम,मोक्ष रूपी फल प्रदान करने वाला होगा।साध्वी ने बताया कि जिंदगी में जब एक पूर्ण सतगुरु का आगमन होता है तो वह हमारी श्वासों में प्रभु का जो असली नाम चल रहा है,गुरु उस नाम को प्रकट करते हैं।



नारायणगढ़। सत्संग में मौजूद श्रद्धालु।

## 'नेकी की दीवार' ने 100 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को ठंड में राहत पहुंचाने के लिए प्रयास समाज सेवा संस्थान ने मानवता की मिसाल पेश की है। अग्रवाल सभा के सहयोग से मुख्य बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने 'नेकी की दीवार' का विधिवत शुभारंभ किया गया। कस्बे में इस नेकी की दीवार का उद्घाटन डीएसपी सुरेश कौशिक ने जरूरतमंदों को कंबल, जूते व गर्म वस्त्र वितरित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में गरीब व असहाय लोगों तक गर्म कपड़े पहुंचाने के लिए नेकी की दीवार एक संवेदनशील और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रयास संस्था द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में समाजसेवी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रयास समाज सेवा संस्थान के प्रधान विशाल सिंगला ने बताया कि संस्था पिछले 16 वर्षों से संगठित रूप से नेकी की दीवार अभियान चला रही है और सेवा भावना के साथ यह कार्य लगातार जारी है।



बराड़ा। जरूरतमंदों को कंबल बांटते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रयास महासचिव सुनील जैन, उपप्रधान कुलदीप गुप्ता, अक्षय गर्ग, दिनेश मंगला, राकेश कौशिक, मोनिका कालड़ा, नीति जैन, कुसुम चौहान, विजय गुप्ता, बिजेंद्र बंसल, दीपक पुंडीर, लक्की भराड़ा, हंसराज जौहर, पवन गुप्ता, मुकेश मित्तल, राजिंदर राणा, विनोद गोयल भी उपस्थित रहे।

**रैन बसेरा की सुविधा भी की शुरू**

इस वर्ष अभियान संस्था के वरिष्ठ सदस्य व अभियान संयोजक चंचल सिंह एवं राकेश कौशिक की देखरेख में शुरू किया गया है। शुभारंभ अवसर पर संस्था द्वारा 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। अभियान संयोजक चंचल सिंह ने बताया कि नेकी की दीवार पर समाज के लोग अपने पुराने लेकिन उपयोगी कपड़े, कंबल, जूते, स्वेटर आदि सेवा भावना से रखते हैं, जिन्हें जरूरतमंद लोग अपनी आवश्यकता अनुसार स्वयं सम्मानपूर्वक ले सकते हैं। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधान दविंदर गर्ग ने बताया कि अग्रवाल सभा द्वारा दिसंबर माह से अग्रवाल धर्मशाला में रैन बसेरा की सुविधा भी शुरू की गई है जहां ठंड के मौसम में यात्रियों व असहाय लोगों के लिए रात्रि में निशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई है।

---

## देसी पिस्टल सहित युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

**युवक के पास नहीं था कोई लाइसेंस**

थाना मुलाना पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धीरज उर्फ पट्टू वासी सरावां, जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। 10 जनवरी की रात करीब 9:15 बजे पुलिस टीम धनौरा चौक क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि धीरज उर्फ पट्टू मोटरसाइकिल पर सवार होकर सरावां से एमएमयू मुलाना की ओर जाएगा। वह युवकों को पिस्टल दिखाकर दहशत फैलाने की फिराक में है। पुलिस ने गांव सरदेहड़ी अनाज मंडी गेट पर नाकाबंदी कर रात को शेरपुर सुलखनी की ओर से मोटरसाइकिल सवार युवक को रोका गया। उसकी पहचान धीरज उर्फ पट्टू के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के ट्रैकसूट की जेब से एक देसी पिस्टल बरामद हुई। आरोपी पिस्टल के संबंध में कोई लाइसेंस या वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जांच में पिस्टल की मैगजीन खाली पाई गई। पुलिस ने देसी पिस्टल व मोटरसाइकिल को कब्जे में ले आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



मुलाना। पिस्तौल के साथ काबू युवक पुलिस हिरासत में।

## 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आए: भारत भूषण भारती

**पिहोवा।** मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच की ओर से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के अवसर पर कार्यक्रम करवाया गया। गुमथलागढ़ू के निकट हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी के ओएसडी भारत भूषण भारती ने बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। भारती ने कहा कि 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। हलके को तीन नए हाइवे अंबाला हिसार 152, 152 डी नारनौल और 152 डी जलबेहड़ा की सौगात भाजपा सरकार ने दी। इसके अलावा पिहोवा को जिला बनाने की मांग भी मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं कमेटी के पास गई हुई है। जिस पर विचार किया जा रहा है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि लोहड़ी प्राचीन पर्व है। कार्यक्रम करने के पीछे उनका प्रयास था कि सभी लोग मिलजुल कर इस पर्व को सामूहिक रूप से मनाएं। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी के जरिए किसानों को सशक्त करने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है।

- हलके को तीन नए हाइवे अंबाला हिसार 152, 152 डी नारनौल और 152 डी जलबेहड़ा की सौगात भाजपा सरकार ने दी

## शीतलहर से सतर्कता बरतें लोग डीसी ने लोगों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बढ़ती ठंड व शीतलहर के संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप सावधानियां अपनाकर शीतलहर से होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सकता है।

उपायुक्त ने कहा कि अत्यधिक ठंड और शीतलहर के दौरान यथासंभव घर के भीतर ही रहें और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। विशेष परिस्थितियों में बाहर जाते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखें। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो, दूरदर्शन एवं अन्य विश्वसनीय मीडिया माध्यमों से लगातार जुड़े रहें। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा बीमार व्यक्तियों को ठंड से अधिक खतरा रहता है इसलिए इनकी विशेष देखभाल आवश्यक है।

**ठंड से बचाव जरूरी: उपायुक्त**

उपायुक्त ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए हल्के लेकिन परतदार गर्म कपड़े पहनें। सिर, कान, गर्दन और पैरों को अच्छी तरह ढकना बहुत जरूरी है। गर्म टोपी, मोजे और जूते का उपयोग करें तथा ठंडी हवा से बचने के लिए मुंह और नाक को ढक कर रखें। उन्होंने यह भी कहा कि शरीर की गर्मी बनाए रखने के लिए गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें और संतुलित व पौष्टिक आहार लें। यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक ठिठुरन, हाथ-पैर सुन्न होना, बोलने में कठिनाई, लगातार कांपना, सांस लेने में परेशानी या असामान्य थकावट जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

---

## पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत 10 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सुमित हिंदुस्तानी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री सेहत योजना की शुरूआत की है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के सभी परिवारों को प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना 15 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें कोई आय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

**कैशलेस होगा इलाज**

पंजाब का प्रत्येक नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, इस योजना का लाभ उठा सकता है। इलाज की सुविधा राज्य के सभी सरकारी तथा सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में पूरी तरह मुफ्त और कैशलेस होगी। सुमित ने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना देश की अपनी तरह की पहली ऐसी व्यापक स्वास्थ्य योजना है, जो बिना किसी भेदभाव के हर नागरिक को कवर करती है। यह योजना गंभीर बीमारियों के इलाज में आने वाले भारी-भरकम खर्च से परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि पैसों के अभाव में किसी भी व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित न रहना पड़े।

लड़कियों की लोहड़ी कार्यक्रम की शुरुआत करने वाले समाजसेवी को भी किया याद

# लोहड़ी पर्व पर कन्याओं के नाम कार्यक्रम में महिलाएं सम्मानित




बराड़ा। लोहड़ी पर्व में सम्मानित की गई महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी स्वर्गीय तरुण कौशल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर गांव दादूपुर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम" कार्यक्रम का आयोजन कर समाजसेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्व. तरुण कौशल के अतुलनीय कार्यों में योगदान के लिए याद कर नमन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि महंत शिवानी, आईशा और मनीषा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। अतिथियों ने स्व. तरुण कौशल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि अल्पायु में समाजसेवा की जो मिसाल उन्होंने कायम की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। उन्होंने वंचित वर्गों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के प्रति उनके समर्पण को स्मरणीय बताया। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य बलजिंदर कुमार और मदन गोपाल ने स्व. तरुण कौशल के जीवन एवं सामाजिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, ट्रस्ट सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने दो मिनट का मौन रखकर तरुण कौशल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कौशल 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार' सहित कई राज्य स्तरीय सम्मानों से सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जसवंत राणा, गौरव गोयल, उमेश धीमान, प्रदीप, तरसेम, नरेश सरकपुर, राहुल छाबड़ा सहित कई गणमान्य व्यक्ति व महिलाएं उपस्थित रहीं।